पु॰ना International School

Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

| Name | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Date | | Grade | X | Roll No. | |
| Subject | HINDI | Marks -50 | Hindi | Teacher's Sign | |

# First Periodic Assessment-2021-22

*निर्देश :-इस प्रश्न पत्र में चार भाग हैं , सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है

## (खंड-1-पठन भाग)

प्र-१-अ-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (अंक-6)

हमारे देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था है। इस व्यवस्था में न कोई छोटा होता है न बड़ा, न कोई अमीर न कोई गरीब। देश का संविधान सबके लिए समान है। नागरिक अधिकारों पर सबका समान हक है। लोकतंत्र पारिवारिक-सामाजिक सभी स्तरों पर स्त्री-पुरुष को एक नज़र से देखता है। अपने अधिकारों का इस्तेमाल करने, अपनी बात बेझिझक कहने का सबको समान अधिकार है।आज़ादी मिलने के बाद इस लोकतंत्रात्मक पद्धति के आधार पर हम सभी क्षेत्रों में आगे बढ़े हैं। नारी जागृति आई है, शिक्षा, स्वास्थ्य. राजनीति-सभी क्षेत्रों में विकास हुआ है। ऐसी स्थिति में भी जब हम निराशाजनक बातें करते हैं कि तंत्र ठप्प हो गया है, यह पद्धति असफल हो गई है-यह ठीक नहीं। वास्तव में दोष तंत्र का नहीं-दोष हमारे नज़रिये का है। हमारी अपेक्षाएँ इतनी बढ़ गई हैं जिन्हें संतुष्ट करने के लिए एक क्या अनेक तंत्र असफल हो जाएँगे। हमारा देश विशाल आबादी वाला एक विशाल देश है।इसे चलाने वाला तंत्र भी उतना ही विशाल और समर्थ चाहिए और जैसा कि नाम से स्पष्ट है लोकतंत्र में हम ही तंत्र हैं। जब हर नागरिक इतना शिक्षित हो जाए कि अपने देश, समाज, परिवार, हर व्यक्ति सबके प्रति निष्ठा से अपना दायित्व निभाता रहे तब लोकतंत्र की सफलता सामने आएगी। ज़रूरी है कि हमारी सोच सकारात्मक हो। हम सोचें कि इतनी उदारता, इतनी ग्रहणशीलता और किसी तंत्र में नहीं है जितनी लोकतंत्र में है, मानवता का इतना संतुलित सर्वांगीण विकास किसी और तंत्र में हो भी नहीं सकता|

*बहुवैकल्पिक प्रश्न-

प्र-१-'तंत्र ठप हो गया है'-ऐसा कहना किसका दोष प्रकट करता है?

अ-लोकतान्त्रिक व्यवस्था का    ब-अमीरों का    क-सामाजिक व्यवस्था का

प्र-२-मानवता का सबसे संतुलित विकास किस तंत्र में हो सकता है?

अ-शिक्षा के तंत्र में,    ब-लोकतंत्र में    क-तानाशाही तंत्र में

*प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

प्र-३-गद्यांश के आधार पर लोकतंत्र की विशेषताएँ लिखिए।

प्र-४-लोकतंत्र के संबंध में निराशाजनक बातें क्यों नहीं करनी चाहिए?

प्र-५-लोकतंत्र की सफलता किन तत्वों पर निर्भर करती है?

प्र-१-ब-निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (अंक-6)

इस देशकथा-धरा की व्यथा-, निज टीस समझकर पहचानो।
संकट की दुर्दिन-वेला में, मानव की गरिमा को जानो॥
इस धरती पर तो अकर्मण्य को, जीने का अधिकार नहीं।
मानव कैसा, यदि मानवता से, हो स्वाभाविक प्यार नहीं॥
यह दुनिया का है अटलचक्र-, तुम मानो चाहे न मानो। ।
इस देश धरा की व्यथाकथा-, निज टीस समझकर पहचानो।
है हर्ष-विषाद निरंतर क्रम, या है सह जीवन का स्पंदन।
हैं कहीं गूंजते अट्टहास, तो कहीं मचलते हैं क्रंदन ॥
क्यों पीछे दौड़े हो सुख के, दुख को भी तो अपना मानो।
इस देशकथा-धरा की व्यथा-, निज टीस समझकर पहचानो।
अति दुर्गम ये राहें जग की, इनका है कोई पार नहीं।
संघर्ष सार है जीवन का कुछ विषयभोग का द्वार नहीं।-
धारो जीवन में हंसवृत्ति-, फिर नीरक्षीर अंतर जानो।-
इस देशकथा निज टीस समझकर पहचानो॥-धरा की व्यथा-

*बहुवैकल्पिक प्रश्न-

प्र-१- इस धरती पर जीने का अधिकार किन्हें नहीं है

अ-अकर्मण्य लोगो को     ब-आलसी लोगो को     क-दुखी लोगो को

प्र-२- सच्ची मानवता किसे कहा गया है?

अ-जो सच्चा हो     ब-जिसमें मानव के लिए प्रेम हो     क-जो कर्मठ हो

*प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

प्र-३- कवि लोगों से क्या आह्वान कर रहा है?

प्र-४- कवि ने लोगों को जीवन की किस सच्चाई से अवगत कराया है? वह मनुष्य को क्या सीख दे रहा है?

प्र-५- जीवन का सार किसे कहा गया है? जीवन में नीरक्षीर का अंतर कैसे जाना जा सकता है-?

## (खंड-ब-लेखन भाग)

प्र-२-अ-निम्नलिखित बिन्दुओं संकेत के आधार पर किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए- (अंक-6)

अ- बच्चों की शिक्षा में माता-पिता की भूमिका

- शिक्षा और माता-पिता
- शिक्षा की महत्ता
- उत्तरदायित्व
- शिक्षाविहीन नर पशु समान|

ब- जीवन में सरसता लाते त्योहार

- त्योहारों का देश भारत
- नीरसता भगाते त्योहार
- त्योहारों के लाभ
- त्योहारों पर महँगाई का असर।

प्र-२-ब-पत्र-लेखन - (अंक-6)

१-आपके विद्यालय में विज्ञान की प्रयोगशाला में संसाधन की कमी को पूरा करने हेतु एक पत्र अपने आचार्या जी को लिखिए-

या

२-आप अपने छोटे भाई को परीक्षा की तैयारी कैसे करनी है ,यह समझाते हुए एक पत्र लिखिए-

## (खंड-क-व्याकरण भाग)

प्र-३-निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-

१-शब्द किसे कहते है? (अंक-1)

२-वाक्य किसे कहते है ?उदहारण सहित समझाइये| (अंक-1)

३-निम्न शब्दों के तत्सम से तत्भव् शब्द बनाइए| (अंक-3)

अ-निंद्रा ब-कर्ण क-नासिका

४-निम्न में से कौन सा शब्द यौगिक शब्द हैं? (अंक-1)

अ-राम-श्याम ब-ऊपर-नीचे क-बैल-गाड़ी

५-वाक्य में पद पहचानिए- (अंक-3)

अ-<u>राधा</u> रो रही है| ब-<u>मुझे</u> भी जाना था| क-राम ने रावन <u>को मारा</u>|

६-शब्दार्थ-अ(बाणी ब-नसीहत क-कब्जाना (अंक-3)

## (खंड-क-साहित्य भाग)

प्र-४- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-कोई दो (अंक-4)

प्र-१- छोटे भाई ने अपनी पढ़ाई का टाइम टेबल बनाते समय क्या क्या सोचा और फिर उसका पालन क्यों नहीं कर पाया?

प्र-२- बड़े भाई साहब को अपने मन की बात क्यों दबानी पड़ती थी?

प्र-३- मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने तन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है?

प्र-५- निम्न पक्तियों का आशय स्पष्ट करिए-कोई एक (अंक-3)

प्र-१- ' पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुवा -, पंडित भया न कोइ। 'स्पष्ट करिए|

प्र-२- इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज नहीं, असल चीज़ है बुद्धि का विकास।

प्र-६- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-कोई दो (अंक-4)

**प्र-१-** हरिहर काका की किस स्थिति ने लेखक को चिंतित कर दिया?

प्र-२- हरिहर काका के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

प्र-३- हरिहर काका ने अपना गुस्सा घर की औरतों पर किस तरह उतारा?

प्र-७- **निम्न पक्तियों का आशय स्पष्ट करिए-** (अंक-3)

प्र-१-हरिहर काका के भाइयों और ठाकुरवारी के साधु-संतों के व्यवहार में कोई अंतर नहीं था। स्पष्ट कीजिए।

---------------------------------------------------